डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

पत्रांक : आर०/ 86 /2023 दिनांक : 29/09/2023

**अतिआवश्यक/महत्वपूर्ण**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

विषय : समस्त कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में "स्वच्छ सारथी क्लब" मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अनु सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्याः 2519/सत्तर–3–2023 दिनांक 29.09.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से नगरीय निकाय की परिधि में आने वाले समस्त महाविद्यालयों में **"स्वच्छ सारथी क्लब"** आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त के क्रम में अनुरोध है कि समस्त महाविद्यालयों में **"स्वच्छ सारथी क्लब"** कार्यक्रम आयोजित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :–

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक/आवासीय संस्थान।
2. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण।
4. सहायक कुलसचिव, प्रशासन।
5. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय बेवसाइट प्रभारी।
7. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉग–इन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

**महत्वपूर्ण**

**संख्या–2519 /सत्तर–3–2023**

**प्रेषक,**

**अरविन्द सिंह,**
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

1 **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0
प्रयागराज।

2 **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊ : दिनांक 29 सितम्बर, 2023**

**विषय : समस्त कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में 'स्वच्छ सारथी क्लब' बनाये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–4555/नौ–5–2023–464सा/2018, दिनांक 01.09.2023 (छाया प्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से नगरीय निकाय की परिधि में आने वाले समस्त स्कूल/कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में '**स्वच्छ सारथी क्लब**' बनाये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–4555/नौ–5–2023–464सा/2018, दिनांक 01.09.2023 की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में की गयी अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही करने तथा कृत कार्यवाही से शासन को 01 सप्ताह में अवगत कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,

**( अरविन्द सिंह )**
अनु सचिव।

Nikhil G O.

संख्या -2519 /सत्तर-3-2023

प्रमुख सचिव कार्यालय में
प्राप्त दिनांक 01/09/2023

**समयबद्ध / महत्वपूर्ण**

**संख्याः–4555 / नौ–5–2023–484सा / 2018**

प्रेषक,

अमृत अभिजात,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

संख्या 1826 /VIPPSHED/2023

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ : दिनांकः01 अगस्त, 2023

**विषयः– समस्त स्कूल, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में 'स्वच्छ सारथी क्लब' बनाये जाने के संबंध में।**

महोदय,

मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी महत्वाकांक्षी योजना–स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) की सफलता हेतु व्यापक जन–जागरूकता एवं जन–भागीदारी आवश्यक है।

आप अवगत है कि सामान्य जनमानस, किशोरों तथा युवाओं को स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) से जोड़ना व स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाना एक अतिमहत्वपूर्ण लक्ष्य है।

विo सo (CGKT)

उपरोक्त वर्णित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु एवं किशोरों, युवाओं व उनके अभिभावकों/अध्यापकों की सहभागिता सुनिश्चित् करने के उददेश्य से स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में **'स्वच्छ सारथी क्लब'** का गठन होना प्रस्तावित है। साथ ही स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यन स्वच्छता कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किये जाने की भी योजना हैं।

**स्वच्छ सारथी क्लब के उददेश्यः–**

01/09/2023
(एम0 पी0 अग्रवाल)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

- स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के लक्ष्यों के विषय में जागरूकता फैलाना।
- स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से प्लास्टिक बैन के विषय में जनजागरूकता फैलाना।
- स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के विषयगत प्रेरणा देना।
- किशोरों व युवाओं के माध्यम से स्वच्छता के प्रति व्यवहारिक परिवर्तन के विषय में जन–जागरूकता फैलाना।
- **'स्वच्छ सारथी क्लब'** के सदस्यों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के अन्तर्गत आयोजित आई0ई0सी0 गतिविधियों में प्रतिभाग करना।

4462/VS(J)/23 J.S.

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त उददेश्यों की सफलता हेतु अपने विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे जनपद के समस्त नगरीय निकायों में शिक्षण संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कराते हुये नगरीय निकायों की परिधि में आने वाले समस्त स्कूल/कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में **'स्वच्छ सारथी क्लब'** की स्थापना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

05-9-23

भवदीय,

(अमृत अभिजात)
प्रमुख सचिव

HE-3
05.09.23

(प्रेम कुमार पाण्डेय)
संयुक्त सचिव
उच्च शिक्षा विभाग
उ0प्र0 शासन।

5.9.2023

Arun Sir GO-VC